प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 14.02.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- नगरीय निकाय चुनाव के तहत प्रदेश में कल होगी मतगणना।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोलह फरवरी को नई दिल्ली में आदि महोत्सव का उद्घाटन करेंगी।
- उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल का आज हुआ समापन—छत्तीसगढ़ ने पांच स्वर्ण पदक सहित कुल बीस पदक हासिल किए।
- प्रदेश के विभिन्न स्थानों में कल से तापमान में वृद्धि का दौर शुरू हो सकता है।

**नगरीय निकाय चुनाव—मतगणना**

नगरीय निकाय चुनाव के तहत प्रदेश में कल पंद्रह फरवरी को मतगणना होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि मतों की गिनती कल सुबह नौ बजे से शुरू होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि सभी जिलों से मतगणना की जानकारी मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

रायपुर जिले के सभी ग्यारह नगरीय निकायों में मतगणना की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रायपुर नगर पालिक निगम की मतगणना सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। यहां मतगणना के लिए एक सौ चौदह टेबल लगाई गई हैं। इनमें से एक सौ चार टेबल में ईवीएम में डाले गए मतों की गिनती होगी। जबकि दस टेबलों में डाकमत पत्र गिने जाएंगे। रायपुर नगर निगम के सत्तर वार्डों की मतगणना एक साथ की जाएगी। प्रत्येक वार्ड के लिए एक—एक टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना के लिए करीब चार सौ मतगणना कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश के दस नगर पालिक निगम, उनचास नगर पालिका परिषद और एक सौ चौदह नगर पंचायतों सहित एक सौ तिहत्तर नगरीय निकायों में पिछले ग्यारह फरवरी को मतदान संपन्न हुआ था। इस नगरीय निकाय चुनाव में उनासी महापौर प्रत्याशी सहित दस हजार एक सौ दस प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला कल हो जाएगा। इस बार छह सौ चार प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए और नौ हजार चार सौ सत्ताईस प्रत्याशी पार्षद पद के लिए चुनावी मैदान में मौजूद थे। इसके अलावा तीन वार्डों में हुए उपचुनाव में छह प्रत्याशियों का भी भाग्य का फैसला कल हो जाएगा।

**शिक्षक—निलंबित**

नगरीय निकाय चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। दोनों शिक्षक मतदान सामग्री वितरण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। वहीं, अनुपस्थित एक सौ अट्ठारह अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

**आदि महोत्सव**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोलह फरवरी को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में आदि महोत्सव—2025 का उद्घाटन करेंगी। यह महोत्सव जनजातीय समुदायों की उद्यमिता, हस्तशिल्प, संस्कृति और खान—पान तथा वाणिज्यिक जनजीवन से लोगों को परिचित कराता है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में जनजातीय कार्य

राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि महोत्सव जनजातीय शिल्पकारों और उद्यमियों को अपने उत्पादों और कृतियों को विभिन्न राज्यों के समक्ष प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में छह सौ से अधिक जनजातीय उद्यमी भाग लेंगे। श्री उइके ने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जो हमारे देश की एकता में विविधता की झलक प्रस्तुत करते हैं। नौ दिनों का यह आयोजन इस महीने की चौबीस तारीख तक चलेगा।

## उच्च न्यायालय–विधिक परिषद चुनाव

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के चुनाव नहीं हो पाने पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने नाराजगी जताते हुए एक महीने के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने राज्य शासन, बार कौंसिल आफ इंडिया और छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल से पूछा कि कौंसिल का चुनाव कब होगा। डिवीजन बेंच ने चुनाव प्रक्रिया के संबंध में शपथ पत्र के साथ जानकारी मांगी है। इसके लिए कोर्ट ने एक सप्ताह का समय दिया है। जनहित याचिका की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने अट्ठारह फरवरी की तिथि तय की ळें

## पुस्तक घोटाला–नोटिस

लोक शिक्षण संचालनालय ने पुस्तक घोटाला मामले की जांच पूरी होने के बाद घोटाले में संलिप्त पाए गए शिक्षा अधिकारी और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने राजनांदगांव, सूरजपुर, धमतरी, जशपुर जिले के शिक्षा अधिकारियों–कर्मचारियों से सात दिन के भीतर जवाब मांगा है। इन सभी को नोटिस जारी कर कहा गया है सात दिन के अंदर जवाब नहीं देने पर एकतरफ़ा कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि रायपुर के सिलियारी स्थित पेपर मिल के कबाड़ में लाखों किताबें मिली थी। इनमें सरकार की ओर से प्रदेश के सभी स्कूलों में बांटी जाने वाली किताबें भी शामिल थीं।

## राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल का आज समापन हो गया है। छत्तीसगढ़ ने इस प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण, चार रजत और ग्यारह कांस्य पदक सहित कुल बीस पदक प्राप्त किए। दल के उप प्रमुख प्रशांत सिंह रघुवंशी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि राष्ट्रीय खेलों में बालिकाओं ने इस बार बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीते हैं। वहीं, इस बार छत्तीसगढ़ ने नेशनल गेम्स में पच्चीसवीं रैंकिंग हासिल की है।

## माशिम–हेल्पलाइन नंबर

प्रदेश में एक मार्च से दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की परीक्षा और विषय संबंधी समस्या के समाधान के लिए कल से हेल्पलाइन शुरू की जाएगी। विद्यार्थी सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे तक मंडल के टोल फ्री नम्बर एक–आठ–शून्य–शून्य दो–तीन–तीन–चार–तीन–छह–तीन (1800–2334363) से समाधान प्राप्त कर सकते हैं।
माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि यह सुविधा दो चरणों में प्रदान की जाएगी। पहला चरण पन्द्रह फरवरी से सत्ताईस फरवरी और दूसरा चरण अट्ठाईस फरवरी से सत्ताईस मार्च तक होगा। इस हेल्पलाइन नंबर पर विषय–विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक और मंडल के अधिकारी परीक्षार्थियों के परीक्षा–भय और परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

वहीं, लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में होने वाले पांचवीं और आठवीं केंद्रीकृत परीक्षा के समय में बदलाव किया है। यह परीक्षा सुबह आठ बजे की जगह अब नौ बजे से आयोजित की जाएगी।

## ट्रेन–परिचालन

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत बन्डामुन्डा स्टेशन में बारह फरवरी से तेरह दिनों के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें टाटानगर–नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर–बिलासपुर–टाटानगर, दुर्ग–आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस और आरा–दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। वहीं, पुणे–शालीमार

एक्सप्रेस, नांदेड़–शालीमार एक्सप्रेस, सिकंदराबाद–रक्सौल स्पेशल, एलटीटी–शालीमार एक्सप्रेस, पुणे–हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस, शालीमार–एलटीटी एक्सप्रेस, हटिया–दुर्ग स्पेशल और हावड़ा–मुंबई गीतांजली एक्सप्रेस देरी से रवाना होगी।

## रेडियो किसान दिवस

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा रायपुर जिले के ग्राम नीनवा में कल पन्द्रह फरवरी को रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तिल्द विकासखंड के अंतर्गत ग्राम नीनवा के शासकीय स्कूल में कल दोपहर एक बजे से शुरू होगा।

## मौसम

प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन कमजोर होने के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में चौदह फरवरी दो हजार उन्नीस को हुए आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को नमन किया है।
- प्रदेश के गृह विभाग ने विभागीय परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत परीक्षा तीन से दस मार्च तक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में आयोजित की जाएगी।
- नारायणपुर जिले के हाईस्कूल मैदान में सोलह फरवरी को वॉल पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सुबह सात बजे से किया जाएगा। इसका उद्देश्य अबूझमाड़ की समृद्ध संस्कृति और लोककला को प्रदर्शित करना है।
- धमतरी जिले के पथर्रीडीह स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय से कल छह बच्चे भाग गए थे। हालांकि बाद में यह बच्चे पास के ही गांव में मिल गए। डीईओ ने इस मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है।
- कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल के बोकरामुड़ा गांव में दो दंतैल हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने की खबर है। इन हाथियों ने सब्जियों की फसल को नष्ट कर दिया है।